हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

हरियाणा विधानसभा के तत्वावधान में चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन के जोन-2 सम्मेलन के आज दूसरे दिन प्रथम एंव द्‌वितीय सत्र में भविष्य की चुनौतियों से निपटने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में जागरूक समाज एंव विधायकों की भूमिका विषय पर मंथन किया गया। तीसरे सत्र के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मीडिया के साथ वार्ता करेंगे।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि 'विकसित भारत' का संकल्प एक राष्ट्रीय संकल्प है, जिसमें देश के प्रत्येक नागरिक और संस्था को सहयोग करना होगा। श्री बिरला कल चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधान सभा के चैम्बर में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ -CPA इंडिया रीजन के ज़ोन-2 सम्मेलन के उद्‌घाटन के बाद विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से आए प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस संकल्प को साकार करने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हमारी नीतियाँ, योजनाएं, कार्यक्रम और बजटीय प्रावधान समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले हों। उन्होंने कहा कि विधायकों की इस संकल्प की प्राप्ति में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि विधायक अपने क्षेत्रों में नीतियों और जनकल्याणकारी पहलों के माध्यम से धरातल पर परिवर्तन लाने के सबसे प्रभावी माध्यम होते हैं।

संसदीय लोकतंत्र में जनभागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि जनसंवाद और सार्थक चर्चाओं के माध्यम से नागरिकों में यह विश्वास पैदा होना चाहिए कि यह सदन उनका अपना है और जनप्रतिनिधि उनकी वास्तविक आवाज़ हैं। लोक सभा अध्यक्ष ने आह्वान किया कि देश में ऐसा जन आंदोलन खड़ा होना चाहिए जिससे प्रत्येक नागरिक यह महसूस कर सके कि विकसित भारत के निर्माण में उसका भी अमूल्य योगदान है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जब समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित होगी, तब भारत की सामूहिक शक्ति और विशेष रूप से हमारी युवा शक्ति इतनी सुदृढ़ हो जाएगी कि हम वर्ष 2047 से पहले ही 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध कर लेंगे।लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कल हरियाणा विधानसभा भवन में नवस्थापित 'पार्लियामेंट्री रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सेंटर' का भी उद्घाटन किया, जो विधायी कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

हरियाणा विधानसभा के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन के जोन-2 सम्मेलन की सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर कल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्मा है,इस अंतरात्मा की आवाज को सुनकर देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

वो चंडीगढ़ के टैगोर थियेटर में हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग तथा रास कला मंच के सहयोग से मंचित नाटक " संविधान के नायक" को देखने के बाद संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष तथा पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने भी नाटक के संदेश एवं कलाकारों के अभिनय की प्रशंसा की।

श्री नायब सिंह सैनी ने नाटक के जीवंत अभिनय एवं प्रेरणादायक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार से रामायण में हनुमान जी को उनकी शक्ति याद दिलाने का संस्मरण है उसी प्रकार आज इस नाटक के माध्यम से कलाकारों एवं लेखक ने दर्शकों को संविधान के प्रति उनके दायित्वों की याद दिलाई है। ऐसे नाटक समाज को संस्कृति एवं देश भक्ति का मार्ग दिखाने में अपनी महती भूमिका निभाते हैं ।

नाटक के मंचन के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला , उप सभापति श्री हरिवंश , हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मिड्ढा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के अलावा विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सांसद, विधायक एवं विधान मंडलों के अधिकारी उपस्थित रहे।

----

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय आज एक दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।